# समाचार

## आयुष्मान वयवंदन योजना

# योजनांतर्गत आधार कार्ड में मोबाईल नम्बर लिंक, अपडेशन हेतु जोन कार्यालयों में 12 से 18 सितम्बर तक लगाए जाएंगे शिविर

कोरबा 11 सितम्बर 2025 – भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजना '' आयुष्मान वयवंदन योजना '' के अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में निवासरत 70 वर्ष से अधिक उम्र के ऐसे वरिष्ठ नागरिकों जिनके कार्ड नहीं बने हैं, उनका आधार कार्ड में मोबाईल नम्बर लिंक, अपडेशन कार्य के लिए निगम के सभी जोन कार्यालयों में 12 सितम्बर से 18 सितम्बर तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आदेश जारी कर शिविर आयोजन के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए हैं। इस हेतु नगर पालिक निगम कोरबा के समस्त वार्डो के लिए दलों का गठन कर दिया गया है तथा दलों में अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुए शेष बचे सभी हितग्राहियों का आधार कार्ड में मोबाईल नम्बर लिंक अपडेशन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

**जीवन सहायक उपकरण प्रदान करने मूल्याकंन शिविर 18 सितम्बर को** – नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठजनों को निःशुल्क जीवन सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु मूल्याकंन शिविर का आयोजन 18 सितम्बर को बालको मैत्री संघ भवन बालको में किया जाएगा। उक्त शिविर में वरिष्ठजनों को आय प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड आदि लाना होगा, वरिष्ठजनों की उम्र 60 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए तथा उनकी सभी स्त्रोतों से मासिक आय 14500 रूपये प्रतिमाह से कम होनी चाहिए।